**दिनांक: 25.04.2026** **समय: 07.10PM**

**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**मुख्य समाचार,**

**1-** प्रधानमंत्री ने कहा- नीति आयोग देश की नीति-निर्माण व्यवस्था का एक अहम स्तंभ बनकर उभरा, आयोग के नव नियुक्त उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी को दी बधाई।

2- मुख्यमंत्री बोले- अब नहीं होगी खाद की किल्लत, किसानों को बिना लाइन लगाए मनचाहे स्थान से मिलेगा यूरिया।

3- उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को नशे से दूरी बनाए रखने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से इस्तेमाल की सलाह दी।

4- प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी, 20 से ज्यादा जिलों में आज चली लू।

**प्रधानमंत्री - नीति आयोग**

सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है। अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री लाहिड़ी के साथ सरकार ने राजीव गौबा, प्रोफेसर के.वी. राजू, प्रोफेसर गोबर्धन दास, डॉ. एम.श्रीनिवास और प्रोफेसर अभय करंदीकर को नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नीति आयोग भारत की नीति-निर्माण संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है। यह सहकारी संघवाद को बढ़ावा देता है, सुधारों को आगे बढ़ाता है और जीवन को सुगम बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है। नीति आयोग के नव नियुक्त उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री लाहिड़ी के प्रयासों से देश में नीति निर्माण को नई ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री से भेंट के बाद श्री लाहिड़ी ने कहा-

**प्रधानमंत्री - मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम

में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्‌वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

**सीएम मोहन संदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कल रात नौ बजे सोशल मीडिया के जरिए प्रदेश के नाम अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है। डॉ. यादव ने अपने संदेश में बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। साथ ही गेहूं उपार्जन अब सप्ताह में 6 दिन होगा यानी शनिवार को अवकाश नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उर्वरकों की वितरण प्रणाली में भी सुधार किया गया है। नवाचार और तकनीक का उपयोग कर किसानों को अब बिना लाइन लगाए मनचाहे स्थानों से खाद मिलने की व्यवस्था की गई है।

**रेल सेवा पुरस्कार**

भोपाल रेल मंडल में 70वें रेल सप्ताह समारोह के तहत ‘रेल सेवा पुरस्कार 2026’ का आयोजन किया गया। न्यू नर्मदा क्लब में हुए इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने खास रंग जमाया। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 43 कर्मचारियों को सम्मानित किया। साथ ही 12 श्रेणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टेशनों और इकाइयों को भी शील्ड प्रदान की गई।

**उपराष्ट्रपति - जयपुर**

उपराष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने आज विद्‌यार्थियों से आलोचनात्मक चिंतन करने, नैतिक रूप से कार्य करने और आजीवन सीखने की प्रक्रिया जारी रखने का आहवान किया। जयपुर में राजस्थान विश्वविद्‌यालय के 35वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते श्री राधाकृष्णन ने विद्‌यार्थियों को लचीलापन बनाए रखने, असफलताओं से

सीखने और मूल्यों में विश्वास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सहानुभूति के बिना उत्कृष्टता और विनम्रता के बिना उपलब्धि अधूरी है।

उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों का मादक पदार्थों से दूरी बनाये रखने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी और रचनात्मक तरीके से इस्तेमाल करने की भी सलाह दी।

**लोक निर्माण विभाग**

लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने आज बड़वानी जिले के सिलावद में 18 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क एवं सेतु परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। इसमें सिलावद-होलगाँव मार्ग पर गोई नदी पर 10 करोड़ 39 लाख रुपये लागत का पुल शामिल है। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण के संकल्प के साथ प्रदेश का परिदृश्य बदलता जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि आज का दिन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है।

सिंहस्थ-ओंकारेश्वर

आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर और नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा ने मोरटक्का से ओंकारेश्वर तथा कोठी से सनावद मार्ग तक स्थित सभी होटल, रिसॉर्ट्स और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम की जांच के लिए एक संयुक्त दल का गठन किया है। यह दल क्षेत्र में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और अपशिष्ट जल के निष्कासन की व्यवस्था का निरीक्षण करेगा, ताकि नर्मदा नदी को प्रदूषण मुक्त रखा जा सके।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह से ही सूरज के तेवर तीखे होने लगते हैं। दोपहर में तपिश बढ़ जाती है। मौसम केंद्र के अनुसार

आज ग्वालियर, उज्जैन समेत 20 से ज्यादा जिलों में लू चली। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, उमरिया, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, धार और आलीराजपुर जिले शामिल हैं। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में आज अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर और तेज हो सकता है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- धार जिले के बदनाबर में आयोजित अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के निर्माण के माध्यम से देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया।

2- अशोकनगर में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2026 का आयोजन कल किया जाएगा। परीक्षा जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में संपन्न होगी। नीमच में भी कल परीक्षा आयोजित होगी।

**3- गुना कलेक्टर ने** पीएससी एवं नीट की तैयारियों को लेकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

4- राजगढ़ में जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन व अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

5- नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत आगरमालवा के शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल आयोजित हुए व्याख्यान में वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण, अधिकारों की जागरूकता एवं समाज में महिलाओं की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

6- मंदसौर में 'विश्व मलेरिया दिवस' के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति और मलेरिया विभाग द्वारा जन जागरूकता रैली आयोजित की गई।

**मुख्य समाचार एक बार फिर,**

**1-** प्रधानमंत्री ने कहा- नीति आयोग देश की नीति-निर्माण व्यवस्था का एक अहम स्तंभ बनकर उभरा, आयोग के नव नियुक्त उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी को दी बधाई।

2- मुख्यमंत्री बोले- अब नहीं होगी खाद की किल्लत, किसानों को बिना लाइन लगाए मनचाहे स्थान से मिलेगा यूरिया।

3- उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को नशे से दूरी बनाए रखने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से इस्तेमाल की सलाह दी।

4- प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी, 20 से ज्यादा जिलों में आज चली लू।